दिनांक 08.07.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

3 करोड़ की लागत से केम्प क्षेत्र में तैयार हो रहा है, सुविधायुक्त सर्व समाज मंगल भवन, महापौर और आयुक्त ने अधिकारियों के साथ लिया निर्माण का जायजा

भिलाई नगर। महापौर व भिलाई नगर विधायक श्री द्रेवेन्द्र यादव व निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने खुर्सीपार तेलहा नाला का जायजा लिया। महापौर श्री यादव ने 3 करोड़ की लागत से तेलहा नाला रिटेनिंग वाॅल निर्माण सहित अन्य प्रस्तावित कार्य को लेकर चर्चा किया। महापौर ने नक्शा के अनुसार तेलहा नाला के कार्य को जल्द शुरू कराने कहा। महापौर और आयुक्त ने अधिकारियों के साथ नंदनी रोड करूणा अस्पताल के सामने की पुलिया , 32 एकड़ क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड में बहने वाली तेलहा नाला की निकासी व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। वहीं जोन 3 की आयुक्त प्रीति सिंह ने महापौर को बताया कि नाला के किनारे के कुछ निर्माण नाला के विकास में बाधा बन रहे हैं , जिन्हें हटाने के लिए सहमति प्राप्त कर ली गई है। सर्व समाज मंगल भवन के लिए जल्द कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश महापौर और आयुक्त ने वार्ड 25 बैकुंठधाम के बाजू में निर्माणाधीन सर्व समाज डाॅ भीमराव अंबेडकर मंगल भवन का अवलोकन किया। महापौर ने अधिकारियों को मंगल भवन के निर्माण में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री रघुवंशी ने जोन क्रमांक 3 की आयुक्त प्रीति सिंह को ठेकेदार को नोटिस जारी कर सितंबर तक भवन को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वहीं महापौर श्री यादव ने कहा कि मंगल भवन के निर्माण से लोगों को सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों के लिए केम्प 1 और 2, बैकुंठधाम, छावनी, हाउसिंग बोर्ड, फौजी नगर, अन्य क्षेत्रों के रहवासियों को इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा और अच्छी सुविधाओं के साथ भवन मिल जाएगा। भवन गौरवपथ के किनारे और मार्केट से लगा हुआ है , यहां सामाजिक और धार्मिक कार्य आसानी से संपन्न हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद के सदस्य व वार्ड पार्षद दुर्गा साहू , डाॅ दिवाकर भारती , अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह , आरके साहू , कार्यपालन अभियंता डीके वर्मा , उप अभियंता श्वेता वर्मा मौजूद रही।
3 करोड़ की लागत से प्रस्तावित है भवन वार्ड 25 में लगभग 3 करोड़ की लागत से सुविधायुक्त दो मंजिला मंगल भवन निर्माणाधीन है। वैवाहिक एवं अन्य कार्यक्रम के लिए 10,000 वर्गफीट भू तल में 12 कमरे, प्रथम तल 8000 वर्गफीट में 12 कमरे बाथरूम और शौचालय सहित अन्य सुविधायुक्त भवन बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त 6000 वर्गफीट में डोमशेड तैयार किया जाएगा। लगभग आधा एकड़ एरिया को पार्किंग के लिए आरक्षित किया गया है। जहां प्रवेश और बाहर निकलने के लिए दो द्वार होगा। शादी विवाह के लिए मंच , लाॅन और गार्डन जैसे कई सुविधाएं होंगी।

पौनी पसारी योजना के लिए स्थल का मुआयना

शासन की महत्वाकांक्षी योजना पौनी पसारी के लिए वार्ड 25 संतोषीपारा सेंट कैथोलिक चर्च के सामने की रिक्त जमीन को निरीक्षण करते हुए उपयुक्त पाया गया। उल्लेखनीय है कि जोन क्रमांक 2 क्षेत्र

अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारा रोड में कुछ दिनों पूर्व ही पौनी पसारी योजना को लेकर महापौर श्री यादव द्वारा भूमि पूजन किया गया है!